हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .2 डिग्री

11 हजार घरों में संपर्क अभियान चलाएगी ... 11


खेतों में लगी आग बुझाने गए फायर कर्मचारियों .. 12


## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- बिजली निगम के कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

## बिजली कट

- सुबह 7 से 10 बजे तक

झज्जर रोड, शीतल नगर, झज्जर रोड बाइपास, आनंद नगर, आरटीओ ऑफिस, इंद्र नगर, रुपया चौक, दुर्गा बर्फ फैक्ट्री, एकता कॉलोनी, न्यू विजय नगर, अजीत कॉलोनी, शीतल नगर, विजय नगर, अमृत कॉलोनी

- सुबह 11 से 4 बजे तक

खोखरा कोट, राजीव कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, पाडा मौहल्ला, हनुमान कॉलोनी, तेज कॉलोनी, सालारा मोहल्ला, निसान शोरूम से सुखपूरा चौक मैन रोड

- सुबह 9.30 दोपहर 12.30 बजे तक

11 केवी फोर्टेसिया, 11 केवी सुनारिया, 11 केवी कन्हैली, 11 केवी मायना

विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद हरकत में प्रशासन

# सोनीपत स्टैंड पर बनेगा सामुदायिक केंद्र, निगम तैयार करेगा डीपीआर

- 2019 में हुआ था शिलान्यास लेकिन निर्माण कार्य सिरे नहीं चढ़ पाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। इस जमीन पर बनना तय हुआ है सामुदायिक केंद्र। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद अब सोनीपत स्टैंड पर सामुदायिक केंद्र का बनना तय हो चुका है। नगर निगम जल्द ही इसकी डीपीआर तैयार करवाकर मुख्यालय भिजवाएगा। इसके लिए निगम ने भी सभी तैयारिया पूरी कर ली हैं। 2019 में जब इसका शिलान्यास हुआ तो उस समय से लेकर अब तक इसका निर्माण कार्य सिरे नहीं चढ़ पाया था। लेकिन अब दोबारा से इसका नक्शा तैयार करवाकर अप्रूवल के लिए भेजा जाएगा। ताकि मंजूरी मिलने के बाद जल्द से जल्द वार्ड-14 व अन्य वार्डवासियों को भी नए सामुदायिक केंद्र का लाभ मिल सके।

सोनीपत स्टैंड पर सामुदायिक केंद्र के बनने के बाद स्थानीय लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह केंद्र सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोगी होगा। केंद्र में बैठक हॉल, रसोई घर व शौचालय की व्यवस्था होगी। इससे यहां बड़े पैमाने पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। यहां आसपास के लोगों को शादी व अन्य समारोह करने के लिए शहर के अंदर बने बैक्वेंट हॉल या शहर से बाहर बने हॉल के लिए जाना पड़ता है। बहुत बार देखने में आता है कि लोगों को शादी के लिए हॉल तक नहीं मिल पाते।

इसलिए उन्हें अपने समारोह को आगे बढ़ाना पड़ता है। शादी से एक या तीन माह पहले ही बैक्वेंट हॉल की बुकिंग हो जाती है। ऐसे में नगर निगम का नया सामुदायिक केंद्र बनने के बाद यहां आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें अपने समारोह करने के लिए दूर दराज नहीं भटकना पड़ेगा।

### नीचे पार्किंग व ऊपर बनेंगे हॉल

मिली जानकारी के अनुसार नए सामुदायिक केंद्र को 20 करोड रुपये से ज्यादा की लागत से बनाया जाएगा। इसके लिए नीचे के फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था होगी तो पहले और दूसरे फ्लोर पर हॉल बनाएं जाएंगे। ताकि समारोह या अन्य किसी कार्यक्रम में आने वाले लोगों को गाड़ी को पार्क करने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीपीआर में पार्किंग व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। क्योंकि चलते रोड पर बाहर गाड़ियां खड़ी हुई तो रोजाना आवागमन होने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### निर्माण के बाद हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी



निगम जल्द ही इसकी डीपीआर तैयार करेगा। जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू करवाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मंत्री विपुल गोयल का धन्यवाद भी करती हूं कि जल्द इसके निर्माण की मंजूरी के आदेश उन्होंने दिए है। सामुदायिक केंद्र का निर्माण होने के बाद आसपास के हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी।
-कंचन खुराना, पार्षद, वार्ड-14

### चुनाव के समय में हुआ था शिलान्यास

सोनीपत स्टैंड जहां पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण होना है, इसका शिलान्यास वर्ष 2019 में चुनाव के समय में हुआ था। लेकिन किसी कारणवश इसका निर्माण ही शुरू नहीं हो पाया था। पार्षद कंचन खुराना ने भी इसके निर्माण को लेकर बहुत बार आवाज उठाई थी। लेकिन इसका कार्य ही शुरू नहीं किया जा रहा था। वर्ष 2025 में ही इसके निर्माण कार्य की शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका फायदा मिल सकें।

### सांपला में चलती कार में लगी आग



सांपला। नेशनल हाईवे सांपला बाईपास जलघर के सामने चलती कार में अचानक आग लग गई। जिसे एक बड़ी घटना होने से बच गई। चालक ने गाड़ी से कूद कर जान बचाई। बताया कि सुबह एक सेंट्रो कार रोहतक की तरफ जा रही थी। जो नेशनल हाईवे नंबर 9 के सामने पहुंची तो अचानक गाड़ी से धुआं उठाना शुरू हो गया जैसे चालक ने गाड़ी रोक और उतरा तो पूरी गाड़ी में आग लग गई। उन्हें पानी डालकर वह जाने का प्रयास किया ,लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया।




महम। नेशनल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली हरियाणा की टीम ट्रॉफी लेते हुए।

### थ्री ए साइड वॉलीबॉल चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रही हरियाणा की टीम

महम। तेलंगाना के पीजेआर स्टेडियम लिंगमपल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक थ्री ए साइड वॉलीबॉल नेशनल चैंपियनशिप आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता थ्री एक साइड वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। चैंपियनशिप में आठ टीम महिला वर्ग में और आठ पुरुष वर्ग में शामिल हुई। इसमें हरियाणा की महिलाओं की टीम में फरमाणा गांव की तीन बेटियों मुस्कान, भावना और रिशु ने भाग लिया। महिला वर्ग में महाराष्ट्र की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि तेलंगाना ने दूसरा स्थान और हरियाणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम ने छत्तीसगढ़ को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोच रामनिवास ने बताया कि बेटियों की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल

## खबर संक्षेप

### महिला शिक्षा ही समाज के विकास का आधार

रोहतक। महिला शिक्षा ही समाज के विकास का मूल आधार है। यह बात नगर निगम की पूर्व पार्षद गीता ने नेहरू कालोनी में संत कबीर लाइब्रेरी में आयोजित डॉ बी.आर.अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ वेदपाल सिंह कराधान निरीक्षक थे। उन्होंने कहा की बाबा साहेब ने समाज को शिक्षित होने का आह्वान किया था।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद किया

रोहतक। राजीव कॉलोनी में महर्षि वाल्मीकि भगवान धर्मशाला समिति द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सिंग में प्रथम आए सागर चौहान को ट्रॉफी व बच्चों को कॉपी पेन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान कृष्ण मुरारी, उपप्रधान कुलदीप , जसबीर कुमार, कुलदीप ढाका, पवन कुमार, विनोद, संजू, दीपक, जीतू, शैलेन्द्र चांवरिया, मोंटी, राहुल आदि मौजूद रहे।

### अन्ना की मौजूदगी में मनाया जन्म दिन



रोहतक। नेहरू युवा केंद्र संगठन की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अलीशा खासा ने रालेगण सिद्धी में अन्ना हजारे के साथ जन्मदिन मनाया। हजारे ने अलीशा को आशीर्वाद देते उज्वल भविष्य की कामना की। और कहा कि समाज सेवा में जितना योगदान दिया जा सकता है, उतना देना चाहिए। राष्ट्र प्रगति के पद पर अग्रसर हो।

### 17 लाख 40 हजार की ठगी में तीन आरोपी धरे

रोहतक। पुलिस की साइबर थाना की टीम ने प्रीपेड टास्क के नाम पर 17 लाख 40 हजार रुपये की ठगी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। विशाल नगर रोहतक निवासी रोहित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई थी।

पूर्व सीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया

## संविधान से छेड़छाड़ नहीं करेंगे बर्दाश्त: हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोकर्ण रोड पर स्थित अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पहुंचे पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें एक मजबूत संविधान दिया है। उस संविधान का सम्मान करें। अगर कोई संविधान से छेड़छाड़ करेगा तो उसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज का दिन कोई छोटा दिन नहीं है। बहुत लंबे संघर्ष के बाद व रूढ़िवादी समाज कैसे आर्य समाज ने बदला, महात्मा गांधी ने लोगों की सोच बदली, जिसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक मजबूत संविधान जनता को समर्पित किया, जो पूरे देश को रूढ़िवादी सोच से अलग करते हुए एकजुट करता है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उस पर उनके पिता चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के हस्ताक्षर भी हैं। जब वह सांसद थे तो भीमराव अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर के साथ संसद में एक साथ काम किया है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भीमराव अंबेड्कर के लेख पढ़े हैं, उनका इतिहास व जीवन चरित्र पढ़ा है। एक गरीब घर में जन्म लेने के बाद कैसे रूढ़िवादी सोच से लड़कर संविधान निर्माता बने। भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो, तभी आगे बढ़ोगे। इसी सोच के साथ दुनिया में भारत सबसे अग्रणी देश बनेगा।

### बजरंग भवन के पास बनी सड़क



## आखिरकार प्रशासन ने ली सुध, सड़क का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बजरंग भवन के पास तोड़ी गई सड़क की आखिरकार प्रशासन ने सुध ली। टूटी सड़क का निर्माण कर दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। व्यापारी नेता अशोक मिनोचा ने बताया कि कई दिन से टूटी सड़क की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार अधिकारियों के सामने शिकायत की गई। कई दिन की मेहनत के बाद सड़क का निर्माण किया गया है। गौरतलब है कि रेलवे पुल और सड़क के बीच कम जगह होने के कारण बसें और अन्य भारी वाहन यहां से नहीं गुजर रहे थे। इसलिए प्रशासन ने बजरंग भवन के पास रेलवे ट्रैक के दोनों ओर की सड़क तोड़ी थी। अब इसका निर्माण कार्य करवा दिया गया है। लोगों को काफी राहत मिलेगी।

साइक्लोथॉन-2.0 की विदाई समारोह मदवि परिसर में आज

## नशे के खिलाफ मुहिम में जिलावासी बढ़ चढ़कर ले रहे भाग: उपायुक्त

- मदवि परिसर से चलकर बोहर, भालौठ, कंसाला व हुमायूंपुर होते हुए सोनीपत की सीमा में करेगी प्रवेश
- कंसाला से मेयर राम अवतार वाल्मिकी हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को सोनीपत के लिए करेंगे रवाना



हम सबका सांझा सपना- नशा मुक्त हो हरियाणा अपना का संदेश दे रही साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में गत 5 अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई साइक्लोथॉन-2.0 हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना- टैगलाइन के साथ नशे के खिलाफ खेल एवं पुलिस विभाग के माध्यम से चलाई जा रही मुहिम में रोहतक जिलावासी सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। रोहतक में दो दिन विश्राम के उपरान्त 15 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर से बोहर, भालौठ, कंसाला व हुमायूंपुर होते हुए सोनीपत के लिए विदा होगी। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा इस विदाई समारोह के मुख्यातिथि होंगे। धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि गत शनिवार को जिला में प्रवेश करने पर सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट के अलावा ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों ने फूलों के साथ साइक्लोथॉन का स्वागत किया तथा यात्रा में भागीदारी भी की। साइक्लोथॉन का स्वागत करते हुए नागरिक समाज से नशे की बिमारी को जड़ से खत्म करने का संकल्प ले रहे हैं। मायना एवं कन्हेली गांवों में लोटे में नमक डालकर नशे को खत्म करने का प्रण लिया।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि 15 अप्रैल को साइक्लोथॉन-2.0 गांव बोहर, भालौठ, कंसाला व हुमायूंपुर पहुंचेगी। कंसाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि मुख्य अतिथि होंगे। गांव कंसाला व हुमायूंपुर होते हुए यह साइकिल रैली सोनीपत जिला के लिए प्रस्थान करेगी।

गैस की बढ़ी कीमते वापस लेने की मांग

## महिला कांग्रेस का सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन




रोहतक। गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मल बल्हारा व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मल बल्हारा की अध्यक्षता में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मल बल्हारा ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने झूठ बोलकर महिलाओं की वोटो को हड़पने का काम किया है। महिलाओं के रसोई गैस की कीमत 50 रूपये बढ़ाकर आमजन को ठगने का काम किया । पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम, महंगाई की मार से आज हर वर्ग त्रस्त्र हैं । प्रदेश का युवा सड़कों पर बेरोजगार घूम रहा हैं । वर्तमान भाजपा सरकार को आमजन के हितों से कोई सरोकार नहीं हैं । पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस गीता भारती ने कहा कि महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने के झूठे वायदे करके महिलाओं को ठगने का काम वर्तमान सरकार ने किया हैं । इस मौके पर ग्रामीण की जिला अध्यक्ष राजबाला हुड्डा, कांग्रेस नेत्री धनपति हुड्डा, पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री गीता भारती, कांग्रेस नेत्री कांता, रानी, शीला, गीता ,गिनी ,सुनीता ,संतोष, राजेश ,नीता ,राम किशन, रणधीर, शिंदा, आदि मौजूद रही।

कार्यक्रम | पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में विचार संगोष्ठी

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारें : कुलपति डॉ एचके अग्रवाल

छात्रों ने नाटक, पोस्टर संगीत व कविताओं के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में लेक्चर थियेटर पांच में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर , संगीत व कविताओं के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सीता राम व्यास, निदेशक डॉ. एसके सिंघल व डीन छात्र कल्याण डॉ. एमजी वशिष्ठ उपस्थित हुए। वहीं वक्ता के तौर पर राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा सरकार प्रदीप शेखावत उपस्थित हुए। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा व डॉ. प्रीति गहलोत ने किया। चिकित्सकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर्व संस्थान में मनाया गया ताकि छात्रों को अंबेडकर जी के योगदान के बारे में बताया जा सके। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर महान समाज सुधारक थे, उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। उनका जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे।

### हमारे विचार श्रेष्ठ हैं तो राष्ट्र भी श्रेष्ठ होगा

वक्ता राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा सरकार प्रदीप शेखावत ने कहा कि वें डॉ. अंबेडकर राष्ट्र ऋषि की भी उपाधि देते हैं। ऐसे महापुरुष अपने कर्मों के बल पर पूरे समाज, देश के गौरव होते हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हमारे अंदर कोई विशिष्ठता होती है वही विशिष्टता हमें पहचान दिलाती है। प्रदीप शेखावत ने कहा कि हमारे विचार श्रेष्ठ हैं तो राष्ट्र भी श्रेष्ठ होगा।

### डॉ अंबेडकर द्वारा लिखी पुस्तक भेंट की

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि आज के इस विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में आने पर वें सभी का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में पता होना चाहिए क्योंकि आज का छात्र कल देश को आगे लेकर जाएगा। डॉ. सिंघल ने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ हमारे महापुरुषों व संस्कृति से भी अवगत रखा जाए। डॉ संत लाल कटारिया और डॉक्टर विनोद चायल ने डॉक्टर अंबेडकर द्वारा लिखी गई पुस्तक अतिथियों को देखकर धन्यवाद किया।

**खबर संक्षेप**



रोहतक। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते। फोटो : हरिभूमि



## दतोड़ गांव में मनाई अंबेडकर की जयंती

**सांपला।** गांव दतोड़ गांव में सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला के युवा पूर्व महामंत्री प्रेम दत्त कौशिक के अलावा अन्य लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने राष्ट्र के निर्माण में भूमिका निभाई। सभी को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने सभी को उनके कर्तव्य, अधिकार दिलाने का काम किया। इस मौके पर रामनारायण, हरि प्रकाश, बंटी, जिले सिंह, प्रेम, यशवंत, ललित राजू, किरण, मोहित, बलवान विकी, प्रमोद, राजकुमार, संजय मनीष, गौरव, अनीता, सरोज, कैलाश, राजेंद्र, रघुवीर, सुरेश, खुशी, डिंपी, नीलम, कमलेश, ओमपति, किताबों, बाला आदि उपस्थित थीं।

### 11 हजार घरों में संपर्क अभियान चलाएगी संस्कृत भारती

# संस्कृत से ही हो सकता है संस्कार और संस्कृति का संरक्षणः आचार्या सुकामा

50 फीसदी विकास खंडों में भी संस्कृत भारती की पहुंच हैं। संस्कृत गांव-गांव तक पहुंचे इसके लिए व्यापक स्तर की योजना बनाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पदमश्री और संस्कृत विदुषी आचार्या सुकामा ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है, अपितु प्राण है। संस्कृति और संस्कारों की रक्षा संस्कृत के माध्यम से ही की जा सकती है। यह बात उन्होंने गुरुकुल विश्वभारती भैयापुर में आयोजित संस्कृत भारती की दो दिवसीय प्रांत समीक्षा योजना गोष्ठी के समापन पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कही। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष डॉ. सोमेश्वर दत्त ने की। विशिष्ट अतिथि उत्तर क्षेत्र मंत्री कौशल किशोर तथा अखिल भारतीय श्लोक पाठन केंद्र प्रमुख चिन्मय मनोहर मौजूद रहे।

प्रांत वृत प्रदेश मंत्री प्रमोद शास्त्री ने प्रस्तुत किया। उत्तर क्षेत्र मंत्री कौशल किशोर ने अखिल भारतीय गोष्ठी की कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया संस्कृत भारती देश के सभी जिला मुख्यालयों में कार्य कर रही है। 50 फीसदी विकास खंडों में भी संस्कृत भारती की पहुंच हैं। संस्कृत गांव-गांव तक पहुंचे इसके लिए व्यापक स्तर की योजना बनाई जा रही है।





रोहतक। प्रांत समीक्षा योजना गोष्ठी का दीप जलाकर शुभारंभ करते पदमश्री आचार्य सुकामा व कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### संस्कृत वदतु पुस्तक का होगा वितरण

प्रांत सह मंत्री भूपेंद्र शास्त्री ने प्रांत योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि जुलाई में विशिष्ट सामाजिक लोगों के लिए प्रत्येक जिले में एक एक संभाषण शिविर चलाया जाएगा। अगस्त माह में संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 11 हजार घरों में संस्कृत पत्रक और संस्कृत वदतु पुस्तक का वितरण किया जायेगा। सितंबर माह में कुरुक्षेत्र में क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग तथा अक्टूबर में सिरसा में खंड स्तर तक के कार्यकर्ताओं के लिए भाषा नैपुण्य वर्ग आयोजित किया जाएगा। वहीं जून माह में नारायणगढ़ और झज्जर तथा जनवरी माह में रेवाड़ी और पानीपत में प्रबोधन वर्ग लगाए जाएंगे।

### गुरुकुल प्रबंधन का आभार जताया

प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री ने सभी वक्ताओं और गुरुकुल प्रबंधन का आभार प्रकट किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में संस्कृत के प्रचार प्रसार में कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा और लग्न के साथ कार्य करेंगे। गुरुकुल विश्वभारती संस्थापक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय ने कहा कि आज के समय को देखते हुए जन जन को संस्कृत अपनाना जरूरी है। सभी को इसके लिए प्रयास भी करने होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अखिल भारतीय श्लोक पाठन केंद्र प्रमुख चिन्मय मनोहर, उत्तर क्षेत्र क्षेत्र मंत्री कौशल किशोर, न्यास अध्यक्ष डॉ. रामनिवास, प्रांत अध्यक्ष डॉ. सोमेश्वर दत्त, प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री, आचार्य हरिदत्त उपाध्याय, सह मंत्री भूपेंद्र शास्त्री, ईशम सिंह, प्रवेश कौशिक, राजेश कुमार, विनय गोपाल, डॉ शैलेंद्र सिंह, सुशील शास्त्री, डॉ. संजीव, जितेंद्र शास्त्री, नवीन शर्मा, अशोक बुचौली, डॉ सुरेश, पुष्पेंद्र आत्रेय, बलजिंदर, डॉ राजबीर, राजबीर सिंह, राहुल, रोहित, निदेशक आचार्य नंदकिशोर, रक्षा, ज्योति, अभिषेक, ओमदत्त, संदीप, अंकित आदि मौजूद रहे।



## बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

**रोहतक।** सुनारियां गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुनारियां से अंबेडकर चौक तक झांकी निकाली और डॉ. अंबेडकर चौक बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। राजेंद्र प्रसाद, हरिदास राठी ने कहा कि बाबा साहब को 9 भाषाओं का ज्ञान था। उनको ज्ञान का प्रतीक व सिंबल ऑफ नॉलेज भी कहा जाता है। मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि श्री भगवान ने झांकी को हरी झंडी दिखा रवाना किया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब की नीतियों और विचारों पर गहन मंथन किया गया। सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## भाजपा नेताओं ने महारैली में की शिरकत

**रोहतक।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सीएम विंडो सहायक अधिवक्ता सुरेन्द्र माडू व युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज मालवीय के नेतृत्व में हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से उड़ान के अवसर पर आयोजित संकल्प की उड़ान महारैली में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस महारैली में उमड़ा जन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने ओर उनको सुनने के लिए आतुर दिखा।






## 44 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बाबा सुखा शाह ने बताया कि शिविर में 44 लोगों ने रक्तदान किया। राजेश अहलावत ने 63वीं बार और अमित परूथी ने 18वीं बार रक्तदान किया। बाबा सुखा शाह ने रक्तदाताओं को बैच तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पंकज कपूर, गीता भारती, डॉक्टर लतेश, डॉक्टर तिलक, रोबिन, देवराज हुड्डा, राजेंदर मनचंदा आदि मौजूद रहे।

## डेहरी मोहल्ला में बाबा साहेब की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डेहरी मोहल्ला स्थित अंबेडकर चौपाल में डॉ भीम राव अम्बेडकर की 134 वी जयंती के अवसर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, राजकमल सहगल (पूर्व डिप्टी मेयर) वार्ड 2 निगम पार्षद आशा लाता, वार्ड 6 निगम पार्षद नीरा भटनागर के पुत्र अंकित भटनागर, वार्ड 5 के पार्षद सुरेश किराड़ और सतीश प्रजापती रहे इस मौके पर सभी ने बाबा साहेब के विचारो को सांझा किया और संविधान के साथ चलने का रास्ता दिखाया इस मौके पर प्रधान दलबीर बामनिया, सनी बादल, राजेश चहल, सुधीर चहल, कमलेश, सुंदर सोहल, अजय, रतनसिंह बादल, रतन सोहल, राज सिंह, राम चरण, प्रीतम सिंह, सोनू सोहल सूरजमल, सत्य सिंह, सुंदर सिंह, सतीश कुमार, महेंद्र भट्टी, ऋषि कुमार, सुशील सोहल, फूलपति देवी, केला देवी, इंद्रावती देवी, बबली, बिमला, राजो देवी, माया देवी, सुंदरी देवी मौजूद तथा समस्त डेहरी मोहल्ला उपस्तिथ रहे।



रोहतक। डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पित करते पूर्व महापौर मनमोहन गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि



## बाबा साहेब को याद किया

**रोहतक।** शहीद महावीर पार्क शिवाजी कालोनी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंति पर पोधरोपण किया गया। इस मौके पर दिल्ली रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक मिनोचा ने कहा कि पूरी जिंदगी बाबा साहेब ने अन्याय, भेदभाव और अज्ञान के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कभी किसी धर्म का अपमान नहीं किया बल्कि उस सोच का विरोध किया जो इंसान को इंसान नहीं समझते। समाजसेवी जसबीर कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें सवाल करने सिखाऐ लेकिन नफरत नहीं। सुभाष नगर आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रवीन सहगल ने कहा कि बाबा साहेब का असली सम्मान यही है कि हम उनके रास्ते पर चलें। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, गौरव बिजली वाला, राजन मदान, राकेश दुआ, पंकज कत्याल, धर्मवीर शर्मा, तिलक राज, डॉ. जगदीश भल्ला, शेरू, सरिता, विरमती, पूजा मौजूद रहे।

## मोखरा में मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

मोखरा गांव में युवा रविदास समिति द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह में गांव के कई बच्चों ने भी भाग लिया। गांव के बुजुर्गों ने बच्चों को बाबा साहेब के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जयंती समारोह में छोटे बच्चों ने जय भीम के नारे लगाए। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गांव के बच्चों को किताबें व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर जोनी, रामकिशन प्रधान, महासचिव दीनदयाल, कोषाध्यक्ष जगमेन्द्र, बजरंग, सुरेन्द्र, रिछपाल, संसार, रामेहर व बल्लू समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



महम। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते मोखरा गांव के बच्चे व उनके साथ मौजूद अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया

**रोहतक।** माधव कुंज हुडा कांप्लेक्स में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण कर नमन किया गया। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे, जातिवाद,और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया। उनके निधन के बाद 1990 में भारत का सर्वोच्च नागरिक ( भारत रत्न) सम्मान दिया गया। रमेश गोयल ने बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता थे। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, रमेश गोयल, गणपत राय गोयल, संजय जैन, शंकर गर्ग, हरि ओम, सहदेव, अशोक सिक्का, मनोज, राजन, ऋषि गुप्ता, अजय आदि उपस्थित रहे।



बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

**ई-नीलामी सूचना (क्षतिग्रस्त 315 एमवीए ट्रांसफॉर्मर)**

मै. झज्जर केटी ट्रांसको प्रा. लि. 400/220/132 केवी सब स्टेशन, सुनारियां रोहतक-बेरी रोड, कबूलपुर रोहतक, हरियाणा-124201 से सम्बन्धित क्षतिग्रस्त 315 एमवीए ट्रांसफॉर्मर (जिसका सर्वे मैक्लेरेंस आईएसएलए एंड लि. द्वारा हैंडल किया जा रहा है) हेतु एकमुश्त आधार पर मलबे हेतु, "जैसा है जहां है आधार" पर ही निपटान के लिए इच्छुक खरीददारों से ई-नीलामी प्रपत्र आमंत्रित किए जाते हैं, निरीक्षण श्री राजू-9910355611 से पूर्व अनुमति लेने के पश्चात 15.04.25 से 21.04.25 के बीच किया जा सकता है। ई-नीलामी का आयोजन 22.04.2025 को किया जाएगा। ई-नीलामी प्रपत्रों हेतु

**सैल्वॉर सैटलर्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामकर्ता)**
पता : 203, द्वितीय तल, ऊषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर कमर्शियल कॉम्पलैक्स, दिल्ली 110033

की सुश्री खुशी से मो.:- 9990857386 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : www.salvorsettlers.com से डाउनलोड करें
ई-नीलामी प्रपत्र जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 22.04.25 को अप. 12.30 बजे से पूर्व है।



## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनाई


**रोहतक।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलानौर के शहीद ऊधम सिंह वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कलानौर में भंडारे का आयोजन किया गया। कलानौरवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि एवं भाजपा के जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उन मूल्यों को अपने जीवन में ढालना चाहिए जो बाबा साहेब ने देश के नागरिकों में समानता, बंधुत्व और भाईचारा के लिए बताए थे। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सदैव ही कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया तथा देश में एक विधान, एक निशान की वकालत की थी। आज धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को देश के अन्य लोगों की भांति सुविधाएं मिल रही हैं जो कि उल्लेखनीय हैं, जिसमें चाहे रोजगार से सम्बंधित लाभ हो या अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम लागू होना हो। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भंडारे का शुभारंभ किया । इस मौके पर अनिल मेहरा, रामबीर पार्षद, विक्की, रोहित लांग्यान, अजय, मोहिनी, पवन, विकास, सन्नी, रविन्द्र प्रधान, सचिन, प्रदीप सिन्धु सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंबेडकर जयंती पर जींद बाइपास स्थित भौरिया वॉशिंग सर्विस स्टेशन पर मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंदर काफी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसे मौके पर ही पीजीआई की टीम ने ब्लड बैंक पहुंचा दिया।

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस शिविर में कलानौर से युवा कांग्रेस नेता आशीष सिंधु बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। जिन्होंने रक्तदान करने आए युवाओं का हौसला बढ़ाया। साथ ही रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन कर्ता आशु भौरिया ने 11 वीं बार रक्तदान किया, विक्की ने 5वीं बार, आदर्श भौरिया ने 6वीं बार रक्तदान, विक्रांत नं 9 वीं बार, विकास ने 7वीं बार, पंकज ने 6वीं बार और जितेंद्र ने 8 वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि और पीजीआई की टीम को आयोजनकर्ता आशु भौरिया ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।





रोहतक। जींद बाइपास स्थित भौरिया वॉशिंग सर्विस स्टेशन पर रक्तदान करने वाले युवाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
All Vaish School, Vedanta School, Shiksha Bharti, Scholar Rosary, St. Pall School, ZAD Global School, Model School, Shivalik School, DAV School, MRGS School, Baba Mast Nath School, GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak-124001 (Haryana) Ph.: 01262-258299,

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
एचआर हेड (महिला)
फील्ड ऑफिसर
टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com
WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### सांघी गांव में लगाया निशुल्क जांच कैंप

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसमें से काफी सारे लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसके अंदर कोई भी व्यक्ति आकर अपने जोड़ों के दर्द की फ्री में जांच करवा सकता है। साथ ही डॉक्टरों से परामर्श ले सकता है। कैंप में ये सारी सुविधा बिल्कुल फ्री दी जाती है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है। राजेश जैन हमेशा समाजसेवा से जुड़े कामों में आगे रहते हैं। ऐसे में उनकी इच्छा है कि गांव के किसी भी इंसान को इलाज के लिए महंगे अस्पतालों में ना जाना पड़े, ताकि कम पैसों में लोग बेहतर इलाज करवा सकें।

एक एकड़ में जली फसल, 9 एकड़ की रिपोर्ट लिखवाना चाहते थे किसान

# खेतों में लगी आग बुझाने गए फायर कर्मचारियों से मारपीट

## गलत रिपार्ट बनाने से इंकार किया तो दो किसानों ने बोला हमला

- महम के रकबे में सय रोड के खेतों में अचानक आग लगने की मिली थी सूचना
- दमकल केंद्र महम के कर्मचारियों ने महम थाने में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोमवार दोपहर बाद करीब ढाई बजे महम के रकबे में सय रोड के खेतों में अचानक आग लग गई। आग गेहूं के फानों में लगी थी। आग से चार एकड़ में गेहूं के फाने जल गए और साथ लगते करीब एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल भी जल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र महम के कर्मचारी दमकल वाहन लेकर आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के बाद फायरमैन खेत की फोटो ले रहे थे और रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। इसी दौरान खेत मालिक ने दमकलकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया।



**महम।** एकजुट होकर महम थाने में शिकायत देने जाते अग्निशमन केंद्र महम के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### घायल कर्मियों को अस्पताल में करवाया भर्ती

*घायल दमकल कर्मचारियों को उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस संबंध में फायरकर्मियों की ओर से महम दमकल केंद्र के फायर ऑप्रेटर निंदाना गांव निवासी जसवंत पुत्र राजेंद्र ने महम थाने में शिकायत दी है। शिकायत में फायर ऑप्रेटर ने बताया कि वह और उसके साथ फायरमैन नरेश कुमार और फायर ऑप्रेटर नरेश कुमार दमकल वाहन लेकर महम के खेतों में सय रोड पर पहुंचे थे। आग बुझाकर वापस आने लगे तो उस समय संजय पुत्र सुरेश और मनोज पुत्र सत्यवान का एक एकड़ का गेहूं जल गया था।*

### डंडे से मारी चोटें फाड़े कपड़े

संजय ने फायर रिपोर्ट लिखते समय एक एकड़ की जगह 9 एकड़ गेहूं जलने की झूठी रिपोर्ट लिखने के लिए जबरदस्ती करनी शुरू कर दी। उन्होंने मना किया तो उसने मारपीट व गाली गलौच करना शुरू कर दिया। वह हाथ में डंडा लिए हुए था। इस हमले में जसवंत फायर ऑप्रेटर के चेहरे, पीठ व आंख पर चोट आई हैं। जसवंत के कपड़े भी फाड़ दिए गए। नरेश कुमार के पेट व पीठ पर हाथों से मारपीट की। संजय व मनोज ने उनके सरकारी काम में बाधा डाली है और उनको जान से मारने की धमकी दी है। दमकल कर्मियों ने पुलिस से दोनों आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत मिलते ही महम पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अब तक 39,317.22 गेहूं व 20,589.88 एमटी सरसों की खरीद : उपायुक्त धीरेंद्र

## किसान फसल अवशेषों का करें उचित प्रबंधन

- किसान फसलों को सुखाकर व साफ करके लाएं मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं व सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाएं। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ सके। उन्होंने बताया कि अब तक जिले की मंडियों में 39317.22 मीट्रिक टन गेहूं एवं 20589.88 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि गत रविवार तक जिला की मंडियों में 39317.22 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। कलानौर मंडी में 1491 मीट्रिक टन, किलोई मंडी 3698 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा मंडी में 470.50 मीट्रिक टन, मदीना मंडी में 70 मीट्रिक टन, महम मंडी 3093.50 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 15825.87 मीट्रिक टन, सांपला मंडी में 12678.25 मीट्रिक टन गेहूं व सांघी मंडी में 1990.10 की खरीद की गई है।

### सरसों की खरीद जारी

उन्होंने बताया कि जिले की मंडियों में सरसों की खरीद भी जारी है। अब तक जिले की मंडियों में 20589.88 मीट्रिक टन सरसों खरीदी गई है। कलानौर मंडी में हैफेड द्वारा 8388.28 मीट्रिक टन, महम मंडी में हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 7300.10 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में हैफेड द्वारा 1884.20 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में हैफेड द्वारा 3017.30 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई तथा खरीद सीजन को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए।

# इनेलो ने संगठन में किया विस्तार, विनोद अहलावत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए एडवोकेट विनोद अहलावत को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनित किया है। यह जानकारी जिला प्रधान डॉ. नफे सिंह लाहली व मीडिया प्रभारी एडवोकेट कृष्ण कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने प्रदेश में नए सिरे से संगठन में विस्तार किया है, जिसके तहत रोहतक जिले से एडवोकेट विनोद अहलावत को राज्य कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। विनोद अहलावत के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। अपनी नियुक्ति पर एडवोकेट विनोद अहलावत ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ा भी जाएगा।



# गार्गी दा वाटिका में बैसाखी उत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में गार्गी द बालवाटिका विद्यालय में बैसाखी उत्सव एवं अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में 3 से 6 साल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि बाल रोग विशेषज्ञा डॉ. दिव्या आहूजा रही, उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करते हुए बालक विकास की ओर अग्रसर होता है। डॉ. आहूजा ने बच्चों में पाई जाने वाली सामान्य बीमारियों के बारे में जागरूक किया और बताया कि किस प्रकार थोड़ी सी सावधानी रखते हुए बीमारियों को समय से पहले रोका जा सकता है। मुख्य वक्ता जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य बीना कौशिक ने बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। राम चरण सिंगला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का समग्र विकास होता है।कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें नृत्य प्रस्तुति और मनोरंजक खेल शामिल रहे। अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बतरा. कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, समिति सदस्य डॉ. दिनेश मदान सहित अन्य मौजूद रहे।

- नन्हे-मुन्नों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया





**महम।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह में भाग लेते महम आईटीआई के स्टाफ सदस्य।

### आईटीआई में मनाई अंबेडकर की 134वीं जयंती

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल राजेन्द्र कुमार ने की। जबकि संस्थान के शिक्षकों व गैर शिक्षक स्टाफ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने समाज में उनके महान योगदान पर चर्चा की। छात्र व छात्राओं द्वारा भी डॉ. भीमराव अंबेडकर के सविंधान निर्माण में उनके परम योगदान पर विचार-विमर्श किया गया तथा सविंधान की प्रस्तावना को पढा गया । विद्यार्थियों ने उनके विचारों व आदर्शों को जीवन में धारण करने की शपथ भी ली। अंबेडकर के समाज में एकरूपता बनाए रखने व धार्मिक एवं राजनैतिक कार्यों की भी चर्चा की गई है। कार्यक्रम का संचालन वैजयन्ती लाईब्रेरियन द्वारा किया गया। इस मौके पर मोनिका, मीना, अनिता, मनीषा, कपिल पांचाल, संजय आदि अनुदेशक एवं अनुदेशिकाएं मौजूद थे।

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में टीचर ट्रेनिंग का आयोजन

# अध्यापकों को डिजिटल शैक्षिक तकनीक से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में टीचर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल की तीनों ब्रांच के अध्यापक मौजूद रहे। इस सेशन में शिंपी कलसी ने अध्यापकों को डिजिटल शैक्षिक तकनीक से अवगत करवाया। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन, नवीन शिक्षण तकनीकों और छात्रों के विकास में उपयोगी लर्निंग मैनेजमेंट टूल्स की जानकारी दी। उन्होंने लर्निंग को रोचक व प्रयोजनपूर्ण बनाने, छात्रों को उद्देश्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करने व सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करने से संबंधित कई क्रियाकलाप सिखाए, जैसे ग्रुप एक्टिविटी, एकल एक्टिविटी, पेयर एक्टिविटी का उपयोग करके शिक्षण प्रणाली को और बेहतर बनाना आदि। प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य इंटीग्रेटेड लर्निंग, एक्सपीरियंस लर्निंग, न्यू टेक्नोलॉजी को अपडेट करना और बच्चों में स्किल्स तथा वैल्यूज का विकास करना है। अध्यापकों को पाठ्यक्रम के आधार पर जीवन कौशल, जीवन मूल्यों, व क्रियाकलापों को शिक्षण में समाहित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, विनीता, दीपमाला, सीमा शर्मा, मीनाक्षी, स्नेहलता, कनिका ,वरुणी, कीर्ति, शानु , सुमन, शिल्पा, मोनिका, गीतिका, प्रीति, चारू आदि मौजूद रहे।



### संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान अतुलनीय:प्रकाश भारती



**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पदाधिकारियों की अहम बैठक सोमवार को रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव एवं रोहतक के प्रभारी प्रकाश भारती की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम इनेलो पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प कर नमन कर उन्हें याद किया। प्रकाश भारती ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान अतुलनीय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान की बदौलत ही सबको समानता का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांत आज भी प्रांसगिक है। उन्हें दिखाए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र की तरक्की संभव है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस व भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि दोनो पार्टियों ने हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे संविधान की अवहेलना की है।

# सामाजिक न्याय के प्रतीक थे डॉ. अंबेडकर : उपायुक्त

## समानता और मानवीय गरिमा के लिए डॉ. अंबेडकर का संघर्ष सदैव रखा जाएगा याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि डॉ. बी आर अंबेडकर का अथक संघर्ष पीढियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि उन्होंने समानता और मानवीय गरिमा के लिए लंबा संघर्ष किया। डॉ अंबेडकर संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है। उपायुक्त ने कहा डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा वासियों को दस हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात भी दी है।



- जयंती पर डॉ. अंबेडकर को उपायुक्त ने किया नमन

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप में जाना जाता है और असमानता को खत्म करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को याद किया जाता है।

धीरेंद्र खटखटा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था की वकालत की, जिसमें किसी व्यक्ति का दर्जा उसकी योग्यता और उपलब्धियों के आधार पर निर्धारित किया जाता है और कोई भी व्यक्ति अपने जन्म के कारण महान या अछूत नहीं होता। उन्होंने देश को सामाजिक रूप से दलित और आर्थिक रूप से शोषित आबादी के साथ तरजीही व्यवहार के लिए तर्क दिया। उनके योगदान बहुआयामी थे, जिनमें कानूनी सुधारों से लेकर सामाजिक सक्रियता और राजनीतिक नेतृत्व तक शामिल थे।

### उनकी विरासत सदैव करेगी प्रेरित

धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि डॉ बी आर अंबेडकर ने अपना जीवन भारत में सामाजिक न्याय और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित कर दिया। सामाजिक न्याय के लिए उनके प्रयास परिवर्तनकारी थे और उन्होंने भारत में हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण और मुक्ति की नींव रखी। उनकी विरासत दुनियाभर में समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के लिए आंदोलनों को प्रेरित करती रहती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब एक दूरदर्शी समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे, जो भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। डॉ. अंबेडकर ने वंचित समुदायों के हितों की रक्षा की।

# सांगवान इंटरनेशनल के छात्र प्रतीक श्योराण ने स्कूल का नाम किया रोशन

- श्योराण जूनियर डेविस कप एशिया एसोसिएशन फाइनल क्वालीफाइंग इवेंट के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र प्रतीक श्योराण ने एक बार फिर स्कूल और देश का नाम रोशन किया है। प्रतीक का चयन जूनियर डेविस कप एशिया एसोसिएशन फाइनल क्वालीफाइंग इवेंट 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 19 मई से 25 मई तक नेशनल टेनिस सेंटर, बीलाइन एरिना श्यामकेंट, कज़ाख़िस्तान में आयोजित की जाएगी। जहां प्रतीक भारतीय टीम की ओर से अपने शानदार प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाएंगे। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा स्कूल समन्वयक परमिला सांगवान ने प्रतीक श्योराण एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रतीक को भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतिस्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं दी।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

कार्यक्रम — एमडीयू में डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

# डॉ. अंबेडकर आर्थिक न्याय व मानवाधिकारों के सजग प्रहरी थे: वीसी

- छात्र कल्याण विभाग के नरेश अहलावत ने मंच संचालन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डॉ. भीमराव अंबेडकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान वास्तव में अमूल्य और ऐतिहासिक है। वे केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी विचारक, समाज सुधारक,अर्थशास्त्री, सामाजिक-आर्थिक न्याय और मानवाधिकारों के सजग प्रहरी थे। ये कहा है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने। वीसी सोमवार को एमडीयू के डा. बीआर अंबेडकर हॉल में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रारंभ में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, साहस और सिद्धांतों की मिसाल है। न्होंने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के विचारों को साझा करने, मंथन करने और जीवन में आत्मसात करे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलते हुए युवा देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान दें और बाबा साहेब के बारे में और ज्यादा जानें। कार्यक्रम के प्रारंभ में डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया। विधि विभाग की छात्रा अंकिता ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। छात्र कल्याण विभाग के नरेश अहलावत ने मंच संचालन किया। निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।





**रोहतक।** डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ,डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक व डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा और कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलपति।

### तीन फेलोशिप दिए जाने की घोषणा

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर तीन फेलोशिप दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मौजूदा विश्वविद्यालय अनुसंधान छात्रवृति के अलावा, कानून, पत्रकारिता एवं अर्थशास्त्र विषय के जो शोधार्थी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर से संबंधित शोध करेंगे, उन्हें विशेष विश्वविद्यालय अनुसंधान छात्रवृति देने का प्रावधान किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के गोल्डन जुबली वर्ष में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से संबंधित राष्ट्रीय स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्रॉक्टर प्रो. राजेश पुनिया, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, विधि विभागाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल, हरियाणा अध्ययन केन्द्र के निदेशक, प्रो. एस. एस. चाहर, एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम के निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत, सीडीएस निदेशिका प्रो. प्रतिमा देवी, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. राजेश कुमार, वाईआरसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, चीफ कंसल्टेंट यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राजकुमार, प्रो. जसवंत सैनी, प्रो. योगेन्द्र सिंह, प्रो. अनुसूया यादव, प्रो. नीलम कादयान, प्रो. संजय नांदल, प्रो. रामफूल ओहल्याण, डॉ. सुरेन्द्र दहिया, डॉ. हरिओम, डॉ. गुरदयाल, डॉ. मंजू पंवार, डॉ. कर्मवीर श्योकंद, डॉ. सपना, डॉ. एकता, डॉ. शैरी, डॉ. नीतू, उप निदेशक जनसंपर्क डा. नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।